# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## CUH student selected as the best Leader of Opposition in National Environment Youth Parliament (NEYP)

**Newspaper:** **Amar Ujala** **Date: 18-04-2022**

कार्यक्रम

**हकेंविवि में राष्ट्रीय युवा पर्यावरण संसद का आयोजन**

# सिमरन चौहान चुनी गईं सर्वश्रेष्ठ नेता प्रतिपक्ष

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ की स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग की छात्रा सिमरन चौहान ने राष्ट्रीय युवा पर्यावरण संसद (एनईवाईपी) 2022 में अपने विचार रखे। संसद परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में 88 विश्वविद्यालयों व शिक्षण संस्थानों के 136 प्रतिभागी शामिल हुए। हकेंविवि की छात्रा को सर्वश्रेष्ठ नेता प्रतिपक्ष चुना गया। अंत में पर्यावरणविद् पदम श्री सवजी डोलकिया ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सिमरन की इस उपलब्धि पर बधाई दी। अन्य विद्यार्थियों व आमजन से भी पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया।

बता दें कि सिमरन चौहान को राष्ट्रीय युवा संसद में अपने विचार रखने का अवसर जनवरी में क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित हुई प्रतियोगिता में उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद मिला था। संसद परिसर में आयोजित मुख्य आयोजन में लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला भी शामिल हुए। विश्वविद्यालय के हरित परिसर स्वच्छ परिसर प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. सुरेंद्र सिंह ने भी सिमरन को बधाई दी। सिमरन ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता शिवचरण चौहान, माता मंजू चौहान के साथ अपने परिजनों व शिक्षकों को दिया, जिन्होंने उसे बचपन से ही पर्यावरण संरक्षण में पेड़-पौधों के महत्व को समझाया। स



हकेंविवि की सिरमन कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व प्रो. सुरेंद्र सिंह के साथ। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 18-04-2022**

# हकेंवि की सिमरन युवा संसद में सर्वश्रेष्ठ नेता प्रतिपक्ष चुनी गई

## पद्मश्री सवजी डोलकिया ने दिया प्रमाण-पत्र

**भास्कर न्यूज** | महेंद्रगढ़

हकेंवि, महेंद्रगढ़ की स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग की छात्रा सिमरन चौहान ने राष्ट्रीय युवा पर्यावरण संसद (एनईवाईपी) 2022 में अपने विचार रखे। संसद परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में 88 विश्वविद्यालयों व शिक्षण संस्थानों के 136 प्रतिभागी शामिल हुए और हकेंवि की छात्रा को सर्वश्रेष्ठ नेता प्रतिपक्ष के रूप में चुना गया। आयोजन के अंत में प्रतिशिष्ठ पर्यावरणविद् पद्मश्री सवजी डोलकिया ने प्रमाणपत्र कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सिमरन की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और अन्य विद्यार्थियों व आमजन से भी पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया। यहां बता दे कि हकेंवि छात्रा सिमरन चौहान को राष्ट्रीय युवा संसद में अपने विचार रखने का अवसर जनवरी में क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित हुई प्रतियोगिता उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद मिला था। संसद परिसर में आयोजित मुख्य आयोजन में लोकसभा के स्पीकर ओम बिड़ला भी शामिल हुए। विश्वविद्यालय के हरित परिसर स्वच्छ परिसर प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. सुरेंद्र सिंह ने भी सिमरन को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सिमरन ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता शिवचरण चौहान, माता मंजू चौहान के साथ अपने परिजनों व शिक्षकों को दिया, जिन्होंने उसे बचपन से ही पर्यावरण संरक्षण में पेड़-पौधों को महत्त्व समझाया। सिमरन ने कहा कि हमें सभी शुभ अवसरों पर पौधारोपण करना चाहिए और पॉलिथीन के स्थान पर कपड़ें के थैले का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सभी के लिए आमजन को प्रेरित कर वह पर्यावरण के प्रति जुड़ाव महसूस करती है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 19-04-2022**

# हकेंवि की सिमरन ने राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद में रखे विचार

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ की स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग की छात्रा सिमरन चौहान ने राष्ट्रीय युवा पर्यावरण संसद (एनईवाईपी) 2022 में अपने विचार रखे। संसद परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में 88 विश्वविद्यालयों व शिक्षण संस्थानों के 136 प्रतिभागी शामिल हुए और हकेंवि की छात्रा को सर्वश्रेष्ठ नेता प्रतिपक्ष के रूप में चुना गया। आयोजन के अंत में पर्यावरणविद पद्म श्री सवजी ढोलकिया ने प्रमाण पत्र देकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सिमरन की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और अन्य विद्यार्थियों व आमजन से भी पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया।



हकेंवि की छात्रा सिमरन को विश्वविद्यालय कुलपति टंकेश्वर व प्रो. सुरेंद्र सिंह बधाई देते हुए ● साभार हकेंवि

यहां बता दे कि हकेंवि छात्रा सिमरन चौहान को राष्ट्रीय युवा संसद में अपने विचार रखने का अवसर जनवरी में क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित हुई प्रतियोगिता उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद मिला था। संसद परिसर में आयोजित मुख्य आयोजन में लोकसभा के स्पीकर ओम बिड़ला भी शामिल हुए। विश्वविद्यालय के हरित परिसर स्वच्छ परिसर प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. सुरेंद्र सिंह ने भी सिमरन को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सिमरन ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता शिवचरण चौहान, माता मंजू चौहान के साथ अपने परिजनों व शिक्षकों को दिया। जिन्होंने उसे बचपन से ही पर्यावरण संरक्षण में पेड़-पौधों का महत्व समझाया। सिमरन ने कहा कि हमें सभी शुभ अवसरों पर पौधारोपण करना चाहिए और पालीथीन के स्थान पर कपड़े के थैले का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सभी के लिए आमजन को प्रेरित कर वह पर्यावरण के प्रति जुड़ाव महसूस करती है।

**सिमरन सर्वश्रेष्ठ नेता प्रतिपक्ष चुनी गई, पर्यावरणविद पद्म श्री सवजी ढोलकिया ने प्रमाण पत्र देकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया**

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 19-04-2022**



महेंद्रगढ़। हकेंवि की छात्रा सिरमन विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर के साथ। फोटो: हरिभूमि

# हकेंवि की सिमरन सर्वश्रेष्ठ नेता प्रतिपक्ष चुनी गई

- सिमरन ने राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद में रखे अपने विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग की छात्रा सिमरन चौहान ने राष्ट्रीय युवा पर्यावरण संसद-2022 में अपने विचार रखे।

संसद परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में 88 विश्वविद्यालयों व शिक्षण संस्थानों के 136 प्रतिभागी शामिल हुए। हकेंवि की छात्रा को सर्वश्रेष्ठ नेता प्रतिपक्ष के रूप में चुना गया। आयोजन के अंत में प्रतिशिष्ठ पर्यावरणविद् पदम सवजी डोलकिया ने प्रमाणपत्र कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने सिमरन की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और अन्य विद्यार्थियों व आमजन से भी पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया।

बता दें कि हकेंवि छात्रा सिमरन चौहान को राष्ट्रीय युवा संसद में अपने विचार रखने का अवसर जनवरी में क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित हुई प्रतियोगिता में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने के बाद मिला था। संसद परिसर में आयोजित मुख्य आयोजन में लोकसभा के स्पीकर ओम बिड़ला भी शामिल हुए। विश्वविद्यालय के हरित परिसर स्वच्छ परिसर प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. सुरेंद्र सिंह ने भी सिमरन को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पेड़-पौधों से प्यार

सिमरन ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता शिवचरण चौहान व माता मंजू चौहान के साथ अपने परिजनों व शिक्षकों को दिया, जिन्होंने उसे बचपन से ही पर्यावरण संरक्षण में पेड़-पौधों को महत्व समझाया। सिमरन ने कहा कि हमें सभी शुभ अवसरों पर पौधरोपण करना चाहिए और पॉलिथीन के स्थान पर कपड़े के थैले का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सभी के लिए आमजन को प्रेरित कर वह पर्यावरण के प्रति जुड़ाव महसूस करती हैं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 19-04-2022**

## सिमरन राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद में चुनी गई सर्वश्रेष्ठ प्रतिपक्ष नेता

**पद्मश्री सवजी डोलकिया ने दिया प्रमाणपत्र**

महेंद्रगढ़, 17 अप्रैल (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ की स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग की छात्रा सिमरन चौहान ने राष्ट्रीय युवा पर्यावरण संसद (एन.ई.वाई.पी.) 2022 में अपने विचार रखे। संसद परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में 88 विश्वविद्यालयों व शिक्षण संस्थानों के 136 प्रतिभागी शामिल हुए और हकेंवि की छात्रा को सर्वश्रेष्ठ नेता प्रतिपक्ष के रूप में चुना गया।

आयोजन के अंत में पर्यावरणविद् पद्मश्री सवजी डोलकिया ने प्रमाणपत्र कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सिमरन की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और अन्य विद्यार्थियों व आमजन से भी पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया। यह



*सिरमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व प्रो. सुरेंद्र सिंह के साथ।*

बता दें कि हकेंवि छात्रा सिमरन चौहान को राष्ट्रीय युवा संसद में अपने विचार रखने का अवसर जनवरी में क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित हुई प्रतियोगिता उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद मिला था। संसद परिसर में आयोजित मुख्य आयोजन में लोकसभा के स्पीकर ओम बिड़ला भी शामिल हुए।

विश्वविद्यालय के हरित परिसर स्वच्छ परिसर प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. सुरेंद्र सिंह ने भी सिमरन को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सिमरन ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता शिवचरण चौहान, माता मंजू चौहान के साथ अपने परिजनों व शिक्षकों को दिया, जिन्होंने उसे बचपन से ही पर्यावरण संरक्षण में पेड़-पौधों को महत्व समझाया।

सिमरन ने कहा कि हमें सभी शुभ अवसरों पर पौधारोपण करना चाहिए और पॉलीथीन के स्थान पर कपड़े के थैले का प्रयोग करना चाहिए। इन सभी के लिए आमजन को प्रेरित कर वह पर्यावरण के प्रति जुड़ाव महसूस करती हैं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Rashtriya Khabar** **Date: 19-04-2022**

# हकेवि छात्रा सिमरन ने राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद में रखे अपने विचार

**सिमरन सर्वश्रेष्ठ नेता प्रतिपक्ष चुनी गई, पदम श्री सवजी डोलकिया ने दिया प्रमाण पत्र**

राष्ट्रीय खबर ब्यूरो



**चंडीगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ की स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग की छात्रा सिमरन चौहान ने राष्ट्रीय युवा पर्यावरण संसद 2022 में अपने विचार रखे। संसद परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में 88 विश्वविद्यालयों व शिक्षण संस्थानों के 136 प्रतिभागी शामिल हुए और हकेवि की छात्रा को सर्वश्रेष्ठ नेता प्रतिपक्ष के रूप में चुना गया। आयोजन के अंत में प्रतिशिष्ठ पर्यावरणविद पदम श्री सवजी डोलकिया ने प्रमाणपत्र कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सिमरन की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और अन्य विद्यार्थियों व आमजन से भी पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया। यहां बता दे कि हकेवि छात्रा सिमरन चौहान को राष्ट्रीय युवा संसद में अपने विचार रखने का अवसर जनवरी में क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित हुई प्रतियोगिता उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद मिला था। संसद परिसर में आयोजित मुख्य आयोजन में लोकसभा के स्पीकर ओम बिड़ला भी शामिल हुए। विश्वविद्यालय के हरित परिसर स्वच्छ परिसर प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. सुरेंद्र सिंह ने भी सिमरन को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सिमरन ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, अपने परिजनों व शिक्षकों को दिया, जिन्होंने उसे बचपन से ही पर्यावरण संरक्षण में पेड़-पौधों को महत्त्व समझाया। सिमरन ने कहा कि हमें सभी शुभ अवसरों पर पौधारोपण करना चाहिए और पॉलिथीन के स्थान पर कपड़ें के थैले का प्रयोग करना चाहिए।